requested to be here during the discussion and we were waiting for all that. This whole adjournment business since morning has been because of that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are right अभी यह तय हुआ था, इसीलिए हम बार-बार एडजोर्नमेंट कर रहे हैं कि कुछ सोल्युशन निकले। वहां लोक सभा में डिसकशन पूरा होने को है, इसके बाद होम मिनिस्टर साहब यहां आ जाएंगे। वे वहां से फ्री हो जाएंगे। दिल्ली का बिल भी अर्जेन्ट है। अब हम यह बिल ले सकते है। अगर हाउस की सलाह है तो ...(व्यवधान)...

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल (मध्य प्रदेश): एडजोर्न कर दीजिए ...(व्यवधान)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: तब तक के लिए एडजोर्न कर दीजिए । ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: दिल्ली बिल भी आज ही पास होना है। उसको हर हालत में पास कर रहे हैं। इसके लिए चाहे हमें 12 बजे तक बैठना पड़े, हम दिल्ली बिल को पास करके ही उठेंगे। या तो यह हो सकता है कि जैसे ही होम मिनिस्टर साहब आते हैं, हम डोडा की चर्चा शुरू करके बाद में पूरी कर लेंगे या जैसा आप कहते हैं।

SHRI V. NARAYANSAMY: On the one side they want the Home Minister here and on the other side they do not want a discussion. This is the attitude when the Minister is here? I would like to know...

श्री उपसभापति: मिस्टर नारायणसामी जी, हाऊस चलाने के लिए कुछ डिसकशन होते हैं, चैम्बर में डिसकशन होते हैं। Then we will have to abide by that, otherwise, it will be very difficult.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, पहले हम दिल्ली पर डिसकशन कर लेते हैं।

GOVERNMENT BILLS

The Delhi Laws (Special Provision) Bill, 2006

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI S. JAIPAL REDDY): Sir, I beg to move:

That the Bill to make special provisions for the areas of Delhi for a period of one year and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

Mr. Deputy chairman, Sir, as the hon. Members are aware, the large immigration of people from all over the country over the years into the National Capital Territory of Delhi has resulted in a huge growth in demand for residential and commercial space as envisaged in the master plan,

1962 notified under the Delhi Development Plan 1857. The Government adopted planned development of Delhi through large-scale acquisition of land and development and disposal of such land through the Delhi Development Authority for meeting the needs of the people for residential, commercial and other spaces; However, the problems and operationalisation of the plan, poor enforcement and inadequacy and unaffordability of shelter, particularly for the poor have led to growth of slums, unauthorized construction, large-scale commercialization of residential areas, especially along the major roads. The Government of India has taken note of these deficiencies and has now places emphasis on the need for alternative policy options to secure proper development of Delhi.

With this objective, the draft Master Plan for Delhi has been prepared with the perspective of 2021. About 7,000 suggestions and objections received from the public are under examination. Finalisation of the Master Plan is likely to take sometime. In the meantime, the Government have constituted a Committee, headed by Shri Tejender Khanna, former Lieutenant Governor of Delhi, to suggest a comprehensive strategy to deal with issues relating to unauthorized construction and misuse of premises. Its recommendations will be taken into consideration in finalizing the Plan.

As regards the problems of those living in slums and Jhuggi Jhonpris, the Government proposed to deal with the matter with requisite compassion, and the need for proper shelter and basic services for the urban poor. But, given the dwindling availability of land for relocation of slum dwellers, it has become imperative to revisit the current policy and look for more sustainable solution for their rehabilitation.

There are also a large number of street vendors indifferent parts of Delhi. While the local bodies are formulating schemes in pursuance to the National Policy on street vendors; it has to be ensured that schemes are realistic and take into consideration not only the concerns of vendors and squatters but also citizens' access to public places. This is also required sometime for finalisation.

In the meantime, a number of representations were received by the Government against demolition and ceiling of premises by the local bodies. Several hon. Members of this August House as well as the elected representatives of the Delhi have been demanding for intervention to sort out the complex issue that has led to the present situation. While, a large number of persons are affected by the on-going drives, at the same time, there is a wide divergence of public opinion and views to deal with this

issue. These have been taken into account while finalizing comprehensive and balance policy on each of these complex issues. This process would involve ground level survey, collection of requisite data, its analysis and consultations with the resident societies by the local bodies. Professional expert organization may also to be involved to formulate a sustainable strategy. This is a time-consuming exercise. So, Mr. Deputy Chairman, Sir, it will be noted that for the finalization of the norms, policy guidelines and feasible strategies in respect of problems mentioned by me earlier, a period of about one year will be required. While this exercise is taken up by the Government and its agencies, it is necessary and desirable to maintain a *status quo* in respect of these categories of unauthorized developments existing as on 1st January, 2006, so as to prevent unnecessary and avoidable hardship and harassment of the people. The Government, therefore, considered it necessary and desirable to enact the Delhi Laws (Special Provisions) Bill, 2006, for this purpose.

Sir, in the facts and circumstances of the matter as mentioned by me and in order to meet the aforesaid objects, I move for consideration of the Delhi Laws (Special Provisions) Bill, 2006, as passed by Lok Sabha. Thank you.

The question was proposed.

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): उपसभापति जी, उर्दू की एक बड़ी प्रचलित गज़ल है -

"आह को चाहिए एक उम्र असर होने तक",

उसका एक बहुत ही खूबसूरत शेर है, आपको तो बहुत अच्छी तरह से समझ में आएगा -

"यह तो माना कि तग़फुल न करोगे लेकिन,

खाक हो जाएंगे हम तुमको खबर होने तक।"

यह बिल हूबहू गज़ल के उस शेर को चरितार्थ करता है। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार तग़फुल किए बिना यह बिल ले आई, लेकिन यह भी सच्चाई है कि इस बिल को लाने से पहले दिल्ली के हजारों लोग खाक और बरबाद हो गए हैं। पिछले 6 महीनों से दिल्ली में कोहराम मचा हुआ है। मकान तोड़े जा रहे हैं, दुकानें सील की जा रही हैं, रेहड़ी और पटरी वालों को हटाया जा रहा है। झुग्गी वालों को उजाड़ा जा रहा है। लगता है कि जैसे जोर-जुल्म का राज आ गया है और सरकार नाम की कोई चीज दिल्ली में है ही नहीं। लोग दर-दर भटक रहें हैं, एक-एक दरवाजा खटखटा रहे हैं। यह संयोग है कि इस समय लोक सभा और राज्य सभा के 10 सांसदों में से 9 सांसद कांग्रेस के हैं। एक-एक दरवाजे पर जाकर वे गुहार कर रहे हैं, प्रधानमंत्री तक दरकार कर रहे हैं लेकिन नतीजा

वही ढाक के तीन पात। आश्वासन पर आश्वासन, वायदे पर वायदे,घोषणाओं पर घोषणाएं, हम करेंगे, हम करेंगे, लेकिन किया नहीं। मुझे इससे भी ज्यादा एतराज है उस भाषा पर, जो कांग्रेस के सांसद प्रेस कांफ्रेंस में खड़े होकर बोलते हैं - अध्यादेश लाना चाहिए। चाहिए की भाषा विपक्ष की होती है, मंत्री की नहीं। यह वे सांसद कह रहे हैं, जो स्वयं कैबिनट में बैठते हैं, जिनकी स्वयं की भूमिका है, बिल को लाने की, वहां बैठ का पारित करने की। आपको याद होगा कि अभी जब मैं यह मुद्दा उठा रही थी , तो आदरणीय जय प्रकाश अग्रवाल जी ने कहा कि हमने भी यह मुद्दा उठाया है। तभी मैंने कहा था कि जय प्रकाश जी आपकी भूमिका मुद्दा उठाने की नहीं है, मुद्दा हल करने की है। मुद्दा उठाने की भूमिका हमारी है। तभी तो आप सत्ता पक्ष में हैं और हम विपक्ष में हैं। विपक्ष मुद्दा उठाता है, सत्ता पक्ष हल करता है। आप हल करिए। आप मुद्दा किसके सामने उठा रहे हैं? इसलिए मैं उन सांसदों से भी कहती थी कि चाहिए की भाषा मत बोलिए। हम कहें कि यह करना चाहिए और आप कहें कि हम यह कर रहे हैं - यह भूमिका दिल्ली की जनता ने हमें और आपको बख्शी है।

उपसभापति जी, आप तो जानते हैं कि अध्यादेश लाने में जो बाधाएँ होती हैं, वे तमाम बाधाएँ भी दूर थीं। इस बार हाउस *sine-die* adjourn हुआ था। एक यही बाधा आ सकती थी कि हाउस recess में है, House for all practical purposes सेशन में है। लेकिन अगर *sine-die* adjourn हो जाए, तो इसे एक कलम की नोंक से prorogue किया जा सकता हैं । Prorogue करने के बाद ordinance लाया जा सकता हैं लेकिन हाउस prorogue नहीं किया गया, ordinance नहीं आया। सारा जोर-जुल्म, सारी तोड़-फोड़ आँख बन्द किए सरकार देखती रही । इससे भी ज्यादा मुझे दुख इस बात का है कि 10 तारीख को तो हाउस बुला लिया गया था, summons 21 दिन पहले आ जाते हैं। 10 तारीख को पहले दिन क्योंकि obituary करके हाउस को उठ जाना था, हम 11 तारीख को पहले working day पर यह बिल ला कर आपकी दिक्कतों को खत्म करना चाहते हैं, यह संदेश तो सरकार दे सकती थी। वह भी नहीं दिया। कैबिनेट से ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का बिल तो उससे पहले पारित हो गया, लेकिन यह बिल नहीं निकला। 11 तारीख को जब हमने यहाँ सदन बन्द किया और यह कहा कि 'चर्चा नहीं, बिल चाहिए', यह कहा कि 'नहीं पॉलिटिकल विल, तो कैसे आए बिल'। तब सरकार जागी। हमने कहा कि आप बिल लाइए। अगर 10 तारीख से सेशन बुला लिया गया था, 11 तारीख को पहला working day था, तो सारा काम, जिसे spade work कहते हैं, home work कहते हैं, वह तो सरकार कर सकती थी। एक बिल तैयार करके circulate तो कर सकती थी। सप्लीमेंटरी एजेंडा में बिल लोक सभा में आ रहा है, सप्लीमेंटरी एजेंडा में बिल राज्य सभा में आ रहा है। क्यों? ऐसा तो तब होता कि यदि रात के रात कोई समस्या आई होती और सुबह-सुबह उसका समाधान करना होता। समस्या 6 महीने से आपके सामने मुँह बाए खड़ी है। लोग रो रहे हैं, चिल्ला रहे हैं, सड़कों पर अपनी वेदना का प्रदर्शन कर रहे हैं, demonstrations हो रही हैं, लेकिन आपके यहाँ बिल भी तैयार नहीं हो रहा और आप बिल एक दिन पहले लाते हैं और सप्लीमेंटरी एजेंडा में लोक सभा में लाकर कहते हैं कि पारित कर दें और अब लाते हैं, अब कहते हैं कि पारित कर दें। हम तो निश्चित पारित

करेंगे। आज जब संसदीय कार्य मंत्री ने कहा तो मैंने कहा कि अगर रात के 12 बजे तक भी बैठना पड़े, तो हम बैठेंगे, मगर हम दिल्ली का बिल पारित करके उठेंगे, क्योंकि हमें मालूम है कि एक-एक दिन क्या, एक-एक मिनट मुश्किल हो रही है, वहाँ साँस लेनी मुश्किल हो रही है। लोगों के दिन की भूख और रात की नींद उड़ गई है। लोग सुबह अपनी दुकानों पर जाते हैं, तो पता नहीं कब कोई एमसीडी वाला सीलिंग स्क्वाड लेकर आएगा और दुकान पर सील लगा कर चला जाएगा। रात को आप सोए हैं, पता नहीं कल सुबह एमसीडी का डिमॉलिशन स्क्वाड आएगा और उनके आशियाने को उजाड़ कर चला जाएगा और वे घर के बच्चों को लेकर इस झुलसती हुई गर्मी में घर के बाहर आकर बैठ जाएंगे। यह स्थिति हो रही है।

उपसभापति महोदय, मुझे एक बात और कहनी है। यह बिल लोक सभा से दो दिन पहले पारित हो गया था। यह ठीक है कि rule न हो, लेकिन propriety नाम की कोई चीज होती है। एक बार एमसीडी के लोगों को यह तो पता चल गया था कि parliamentary intent क्या है। Parliamentary intent केवल बिल से जाहिर नहीं हुई थी, लोक सभा में बिल पारित हो गया था। यह संयोग कि शनिवार, इतवार आ गया, तो इसलिए राज्य सभा में सोमवार से पहले नहीं आ सकता था, लेकिन मुझे दुख से कहना पड़ता है कि इन दो दिनों में भी तोड़-फोड़ हुई है, इन दो दिनों में भी सीलिंग हुई है। पटेल नगर में डिमोलीशंस हुई है। शंका होटल, स्विस इंटरनेशनल होटल तोड़े गए हैं। रोहणी में दुकानें सील की गयी हैं। हमारे अपने एम॰ एल॰ ए॰ जय भगवान अग्रवाल की दुकान सील हुई है। तो मैं कहना चाहती हूं कि जब पार्लियामेंटरी इंटेंट पता लग गयी, लोक सभा से बिल पारित हो गया, राज्य सभा से भी बिल पारित होकर उस के ऊपर राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो भी अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, इस सब के बावजूद तोड़ रहे हैं? मुझे जयपाल रेड्डी जी ने आकर कहा कि आज तो इसे जरूर पारित कर दें वरना डिमोलीशन जारी हैं। यह आप कैसे कहते हैं, डिमोलीशन क्यों जारी हैं? आप की इतनी भी नहीं चलती? आप एक बार बिल बनाकर ले आए, वह बिल एक हाऊस से पास करवा चुके, उसे दूसरे हाउस में लेकर आए हैं और उस बीच के दो दिन भी डिमोलीशन हो रहा है। ये अधिकारी क्या सैडिस्टिक प्लैजर ले रहे हैं? सरकार ऐसे समय में कान में तेल डालकर क्यों बैठी है? क्यों नहीं कहती कि हम बिल ला चुके हैं, कम-से-कम ये दिन तो बंद कर दो। ये छुट्टी के दिन हैं, लेकिन फिर भी शनिवार व रविवार को सीलिंग हुई हैं।

महोदय, अब मैं इस बिल के बारे में कहना चाहती हूं। उपसभापति जी, मेरे वरिष्ठ सहयोगी अरुण जेटली जी यहां बैठे हैं, वह इसकी कांस्टीट्यूशनल वैलेडिटी पर बोलेंगे, लेकिन मैं केवल एक-दो बातें कहना चाहती हूं। आपने इस बिल में ज्यादातर शब्द ''नॉट विद्स्टेंडिंग'' इस्तेमाल किया था जोकि सही शब्द है। जब हम कोई ऐसा बिल लाते हैं तो उस में नॉट विदस्टेंडिंग कहते हैं। लेकिन इस बिल की धारा-3 की उपधारा-2 में आप ने कहा है कि "Subject to the provisions contained in sub-section (*1*) and without prejudice to any judgement, decree or order of any court..." इसमें मेरा संशोधन है कि इसे आप कहें 'Notwithstanding any judgement, decree or order of any court...' क्योंकि अगर 'नॉटविद्स्टेंडिंग' आता है और 'विदाउट प्रिजूडिस' ... (*Interruptions*) Should I yield?

SHRI S. JAIPAL REDDY: Sir, this corrigendum was carried out by the Lok Sabha. The corrected version does say 'notwithstanding'. I do not know where the confusion is arising. It may be verified...(*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज: देखिए, यह जो मेरे पास है, यह 'एज पास्ड बाय द लोक सभा' है और मैंने इसीलिए दोनों बिल देख लिए थे। पर मुझे खुशी है, अगर यह बात मंत्री जी ने मान ली है तो अच्छी बात है क्योंकि जो बात मैं कहना चाहती हूं...

SHRI ARUN JAITLEY (Gujarat): Can we have a copy of that, even if one copy is available?

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं यह कहना चाहती थी ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप के पास कौनसा है, 'नॉटविदस्टेंडिंग है न?

श्रीमती सुषमा स्वराज: 'विदाउट प्रिजूडिस' है।

श्री उपसभापति: यह 'नॉटविदस्टेंडिंग' है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: अगर मंत्री जी ने उसे मान लिया तो मेरा समाधान हो गया। यह बहुत अच्छी बात है कि आप बीच में खड़े हो गए और आप ने यह बात मान ली क्योंकि सही शब्द है नॉटविदस्टेंडिंग, विदाउट प्रिजूडिस के।

उपसभापति जी, मैं महाराष्ट्र के उल्हासनगर से संबंधित एक ऑर्डिनेंस मंत्री जी को दिखाने के लिए लेकर आई थी। उल्हासनगर में इस तरह की तोड़फोड़ हो रही थी जिसे रोकने के लिए महाराष्ट्र शासन ने एक ऑर्डिनेंस निकाला था। यह Ordinance number one of 2006 था। इस के अंदर जो शब्दावली है, वह बहुत ही अच्छी है और उसमें उन्होंने इस के लिए किसी भी जजमेंट का बेस ही खत्म कर दिया है। मैं यह ऑर्डिनेंस मंत्री जी को दिखाने के लिए लाई थी, लेकिन अगर मेरे कहने से पहले ही मंत्री जी ने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया तो अच्छा है। उन के पास यह बात जरूर पहुंची होगी और अगर उन्होंने इसे स्वीकार कर सुधार कर लिया है, तो मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं क्योंकि मैं चाहती थी कि यह शब्दावली बदल दी जाए।

अब मुझे मंत्री जी आप से एक-दो क्लैरीफिकेशंस चाहिएं। वैसे आप ने इस में कहा है *Status quo* as on 1st January, 2006, लेकिन फिर भी लोग पूछ रहे हैं और जब तक आप के मुंह से सदन में आप का जवाब नहीं आएगा तब तक लोगों का समाधान नहीं होगा। लोग यह पूछ रहे हैं कि जो दुकानें सील हो चुकी हैं, उन की सील खुलेगी न? जो जगहें डिमोलिश हो गयी हैं और जिन लोगों ने अपने एफीडेविट दे दिए हैं, ऐसे 40 हजार लोग जो अपना एफीडेविट दे चुके हैं और क्योंकि यह बिल कहीं भी यह बात नहीं कह पा रहा है कि, वे सारे-के-सारे एफीडेविट ऐसे समझे जाएंगे जैसे नहीं दिए गए हैं वरना उन को लगता है कि जहां देर में आने वाले थे वे बच जाएंगे। हम जो

एफीडेविट डर के मारे दे बैठे, हमारा क्या होगा? हमारी दुकानें जो सील हो गयीं, उन का क्या होगा? इसलिए मैं जरूर चाहूंगी कि मंत्री जी अपने उत्तर में यहां कह दें ताकि कल को अगर कोर्ट-कचहरी में भी मामला हो तो यह कह दिया जाए कि लैजिस्लेटिव इंटेंट यह था और मंत्री जी आप के माध्यम से सदन के फर्श पर यह बात कही गयी है। चूंकि इन बातों का खुलासा और समाधान लोक सभा में नहीं हुआ, इसलिए यह और भी ज्यादा जरूरी है कि मंत्री जी के उत्तर में राज्य सभा में इन का समाधान हो जाए। अगर इनका समाधान मंत्री जी के उत्तर में राज्य सभा में होता है, तो जैसा मैंने पहल कहा था कि वे यह बिल देर से लाए, लेकिन जैसे मैंने उर्दू की गजल का एक शेर पढ़ा, उसी तरह उर्दू की कहावत भी है कि देर आय, दुरुस्त आय। तो कम-से-कम उसी तर्ज पर मैं इस बिल का समर्थन करती हूँ और मंत्री जी के प्रति धन्यवाद करती हूँ।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): सर, मैं इस बिल को लाने के लिए मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ और उनको मुबारकबाद देता हूँ। दिल्ली की जनता की भावनाओं को समझते हुए कि जिस तरह से लोग परेशान हैं, डरे हुए हैं, सहमे हुए हैं और छः महीने में जिस तरह की तोड़-फोड़ हुई है, कांग्रेस का एक-एक आदमी, चाहे वह छोटा-सा नेता हो, उसने सड़कों पर आकर, जनता के बीच में बैठकर और उनके एजिटेशन में शमिल होकर, हिस्सा लेकर यह मांग रखी कि यह बिल लाया जाए और हमारी बात सुनी जाए। मैं इसलिए आपको मुबारकवाद देता हूं।

मैं आशा करता हूं कि जिस तरह से कोर्ट ने दिल्ली में तोड़फोड़ के लिए बुलडोजर चालू किया और अपने ऑर्डर से दिल्ली की सिविक बॉडी को यह कहा कि आप लोगों के घरों को तोड़ें, आपने उस बुलडोजर का मुंह रायबरेली की तरफ कांग्रेस का झंडा गाड़कर मोड़ दिया, जिसने वहां जाकर जो साम्प्रदायिक ताकतें थीं और जो लोग देश का नाश करने पर तुले हुए थे, उनके बुलडोजर चलाकर नीचे जमीन में प्लेन कर दिया। आज वे हाशिए पर हैं और उनके निशान उन सड़कों पर बने हुए हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप दिल्ली पर बोल रहे हैं या रायबरेली पर? ...(**व्यवधान**)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: मुझे खुशी है कि जब मैं आपसे मिला और अजय माकन जी से मिला तो आपके माथे पर पसीना था, आप परेशान थे, आप झुंझलाए हुए थे और आपको यह लग रहा था कि इसका हल किसी-न-किसी तरह हमें जल्दी-से-जल्दी निकालना चाहिए, ताकि हम दिल्ली वालों को राहत दे सकें और ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अग्रवाल जी, मैं आपको अभी तो परमिट कर देता हूं, मगर आप जब भी बात करेंगे तो अपनी सीट से बात करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: सर, मैं वहां चला जाता हूं। ...(**व्यवधान**)... वहां ज्यादा ज़ोर से आवाज़ निकालनी पड़ती हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं, अभी तो मैंने आपको परमिट कर दिया है ...(**व्यवधान**)... आगे से आप अपनी सीट से ही बात करेंगे। ...(व्यवधान)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: सर, यह दिल्ली एक दिन में नहीं बसी। यह दिल्ली पिछले 100 सालों में धीरे-धीरे बसी। यहां की आबादी पहले 15 लाख थी, जो आज तकरीबन डेढ़ करोड़ है। जगह-जगह से लोग दिल्ली में आए और यहां बसे। उन्होंने यहां अपने आशियाने बनाए और अपने लिए रोज़गार ढूंढा। उन्होंने अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए कहीं दुकान की, कहीं बैठे, कहीं-न-कहीं रोज़गार ढूंढा या नौकरी की। इस तरह इन लोगों के आने से दिल्ली बढ़ी। दिल्ली पहले एक चारदीवारी के अन्दर छोटी-सी हुआ करती थी, लेकिन दिल्ली का आज का यह बढ़ता हुआ स्वरूप हमें इन लोगों के आने से देखने को मिला। जो भी लोग यहां आए, अपने रहने के लिए कहीं-न-कहीं घर ढूंढा, एक छत ढूंढी और वे अलग-अलग कैटेगरीज़ में बंटते चले गए। जैसे पहले पुरानी दिल्ली थी, उसके बाद दिल्ली फिर और बढ़ी। इसके बाद कुछ डेवलप्ड कॉलोनीज़ आईं, तब प्राइवेट बिल्डर्स ने कॉलोनियां काटीं। उसके बाद अनऑथॅराइज्ड कॉलोनियां बढ़ती चली गईं और फिर लाल डोरे में भी लोग बढ़े। डी॰डी॰ए॰ ने भी कुछ फ्लैट्स बनाकर दिए। इस तरह यह दिल्ली बढ़ती रही।

इस प्रकार आज दिल्ली जिस स्वरूप में हैं, यह एक अजीब स्वरूप है। इसका अपना कोई कल्चर नहीं है। चारों तरफ से जो लोग आए, उन्होंने इस दिल्ली को बसाया है। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि जो चीज़ एक दिन में नहीं बनी, तो अगर कोई उसे एक दिन में खराब करने की कोशिश करे, तो हमें उसके खिलाफ़ डटकर आवाज़ उठानी चाहिए। मैं आशा करता हूं कि आज जो बिल आप लाए हैं और जो डर सुषमा जी ने रखा, वह मेरा भी है, जिसके बारे में मैं आपसे थोड़ी देर में बात करूंगा। लेकिन यह क्या है? दिल्ली का एक डिस्ट्रिब्यूशन कैरेक्टर है। दिल्ली सिर्फ यहां के रहने वालों की ही नहीं है। दिल्ली सिर्फ उन लोगों की ही नहीं है, जो नौकरी-पेशा हैं और यहां रहने आए हैं, बल्कि दिल्ली में व्यापारी भी हैं। दिल्ली एक होल सेल मंडी भी कहलाती है। ऐसी बहुत-सारी चीजें, हैं, जो सिर्फ दिल्ली से नॉर्थ इंडिया के बहुत-सारे बाजारों में जाती हैं। इस तरह से अगर हम दिल्ली में सिर्फ उन लोगों को समझते हैं कि यहां के रहने वालों को राहत देकर उन दुकानदारों को छोड़ देंगे, तो यह सही नहीं है। लेकिन जो कुछ हुआ है, यहां रहने वालों को तकलीफ हुई है, उनके मकान टूटे हैं, उनके फ्लैट टूटे हैं, उनको बेघर किया गया है। जिनके मकान टूटे, वे सड़कों पर अपने बच्चों को लेकर रहे। जिनकी दुकानें सील हुईं, उनकी क्या हालत हुई? एक व्यक्ति जो दुकान करता है, सिर्फ दुकान से उसका मतलब नहीं है, बल्कि वह कहीं से माल लाता है, किसी को माल बेचता है, कहीं से उधार लेता है, कहीं से लोन लेता है और तब जाकर वह उस दुकान को बसाता है, चलाता है। एक दिन के अंदर उस दुकान का नाम नहीं होता। जिस तरह से उनको तंग किया गया, उनकी दुकानें सील की गईं, उनको परेशान किया गया, सबने देखा है। अच्छा हुआ, आज जो यह बिल आ गया, इससे यहां के लोगों को राहत मिलेगी और जो उनकी तकलीफ हुई है, उससे उनका समाधान निकल सकेगा।

महोदय, जो पहले कट-ऑफ डेट रखी गई थी, जैसा दो बार दिल्ली में हुआ। हमने अपने टाइम में यह कहा था, जब दिल्ली में हमारी कांग्रेस की सरकार थी, यह कहा था कि हम इनको रेगुलराइज करते हैं। दो बार ऐसा हुआ, लेकिन कोर्ट के ऑर्डर के बाद उन लोगों को भी नहीं छोड़ा गया। उनकी दुकानों को भी तोड़ा गया, उनके मकानों को भी तोड़ा गया और आज एक तलवार उनके सिर पर लटकी हुई है। जब भी दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आई, वैसे तो शुरू से तकरीबन कांग्रेस की सरकार रही, एकाध बार कांग्रेस के अलावा दूसरी पार्टी की सरकार आई, हमने हमेशा जनता के हक में फैसले लिए। हमारी कोशिश हमेशा यह रही कि उन लोगों को, जो दिल्ली में रहते हैं, उनको राहत दी जाए। जो लोग झुग्गी में रहते थे, उनको सबसे पहले इंदिरा जी के समय में खड़ंजे, बिजली, पानी और सिविक अमेनिटीज दी गईं। यह कहा गया कि जो लोग रोजगार करना चाहते हैं, वे अपने घरों में कारोबार चला सकते हैं। उनको बिजली और पानी दिया गया, लाइसेंस दिया गया। ये जो घरों में छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज लगी हैं, वे सिर्फ इसलिए लगी हैं ताकि लोगों को काम के लिए कहीं दूर न जाना पड़े, उनको परेशान न होना पड़े और वे वहां रहकर अपना रोजगार कर सकें, रोटी कमा सकें, अपने बच्चों को रोटी दे सकें।

महोदय, मेरे पास डाक्युमेंट्स हैं, जिसमें कांग्रेस ने अपने समय में यह प्रपोजल रखा था कि जो अनअथोराइज्ड कालोनीज हैं, उनको पास किया जाए। उस समय हमारी शीला दीक्षित की सरकार थी, उसने यह प्रपोजल रखा था। उससे पहले बीजेपी की सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था, उनकी अपनी मजबूरी थीं, क्योंकि वह टुकड़ों में बटी हुई थी। अगर हर दो साल में किसी स्टेट का मुख्य मंत्री बदला जाएगा, तो जनता का भला उनके समय में नहीं हो सकता। किसी पार्टी के अंदर आपस के झगड़े हो सकते हैं, लेकिन अगर एक मुख्य मंत्री रहेगा, एक आवाज होगी, काम करना चाहेंगे और काम करने की नीयत होगी, तो सही काम हो सकता है। एक बार दो साल के लिए एक आदमी मुख्य मंत्री बनकर आ गया, दो साल के लिए फिर एक आ गया और वह किसी से नहीं संभला, तो आदरणीय सुषमा जी को दिल्ली सौंप दी गई। इनके पास इतना समय नहीं था, इसलिए दिल्ली वालों का दर्द कैसे समझ सकतीं? मैं इनकी मजबूरी समझ सकता हूं। वैसे जो एक महिला का हृदय होता है, वह अच्छा होता है, मार्मिक होता है, मलहम लगाने वाला होता है, लेकिन इनकी मजबूरी थी, क्योंकि कुछ ऐसे लोगों में घिरी हुई थीं, जो नहीं चाहते थे कि आप सक्सेसफुल हों। इसीलिए उसके बाद हमारी सरकार आ गई, जिसकी हमें खुशी है। मैं जो बात कहना चाहता था, वह यह कि मेरे पास डाक्युमेंट्स हैं, जिसमें हमारी जो शीला दीक्षित की सरकार थी, उसने रेजोलूशन पास करके सेंट्रल गवर्नमेंट को दिया था और कहा था कि इन अनअथोराइज्ड कालोनीज को पास किया जाए। यह रेजोलूशन असेम्बली से पास करके भेजा गया था, लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट ने मंजूर नहीं किया। इस बात का मुझे दुख है।

महोदय, मैं आदर करता हूं आदरणीय सुषमा जी का, लेकिन मुझे खुशी होती कि जिस दिन मैंने इस हाऊस में खड़े होकर आवाज उठाई थी, यह कहा था कि दिल्ली वालों के साथ गुनाह हो रहा है, उनके मकान तोड़े जा रहे हैं और मैं लड़ा था, तब यहां आदरणीय अध्यक्ष महोदय बैठे थे, उस समय खड़े होकर आप यह कहती कि जय प्रकाश सही कह रहा है, इस बात की चर्चा आज ही होनी चाहिए, तो मुझे बहुत खुशी होती।

श्रीमती सुषमा स्वराज: चर्चा नहीं चाहिएं थी, बिल चाहिए था। ...(**व्यवधान**)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: बहस तो आप करवा सकती थीं?

श्रीमती सुषमा स्वराज: काहे की बहस? बिल चाहिए था।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: आप शोर तो मचा सकती थीं?

श्रीमती सुषमा स्वराज: शोर तो मचा ही रहे थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: अभी भी तो आपने शोर मचाया था। अगर उस दिन मेरी बात मानतीं, तो यह बिल उसी दिन आता। तब तो आप नहीं बोलीं।...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं तो जेल गई। जैसा आप बोल रहे हैं, मैं तो जेल गई, तिहाड़ जेल में रही। ...(**व्यवधान**)...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: जेल में तो हमारे दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी गए और हमारे सभी एम०एल०एज०, मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट हर जगह लोगों के बीच रहे। हमें दिल्ली मत दिखाओ आप, यह हमारी दिल्ली है। हमने बहुत काम किया है दिल्ली में। हमने ही काम किया है दिल्ली में आज तक, आपने कोई काम नहीं किया और वह ही मैं दिखाना चाहता हूं, अगर आप काम करते तो आज यह हाल नहीं होता दिल्ली का। दिल्ली असैम्बली का जो रेज़ोल्यूशन आया, उसे उस समय की बीजेपी सरकार ने पास नहीं किया? इसलिए आज यह तकलीफ आ रही है।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो० पी० जे० कुरियन) पीठासीन हुए,]

सर, कोर्ट में जो कुछ हुआ, वह क्यों हुआ? बड़ा अजीब लगता है – दुकानें सील हुईं, लोगों से ऐफिडेविट लिए गए, एक नया सिलसिला शुरू हुआ। दो-तीन अलग-अलग कमेटियां बना दी गईं, – भूरे लाल कमेटी, ऊषा मेहरा कमेटी, चार और आदमी ऐप्वाइंट कर दिए गए और दिल्ली को अलग-अलग हिस्सों में बांट कर कोर्ट के द्वारा उनको ठेकेदारी या थानेदारी दे दी गई और यह कहा गया कि दिल्ली में अनऑथराइज्ड कंस्ट्रक्शन या इस समस्या का हल क्या होगा, इसे ये लोग देखेंगे। सर, मैं नहीं समझ सकता कि जब दिल्ली में दिल्ली सरकार है, दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन है, डी०डी०ए० है, एन०डी०एम०सी० है, और कोर्ट को कोई काम करना था, कोई फार्मूला तय करना था, तो उसको इन एजेंसीज़ के थ्रू काम करना चाहिए था। सर, मुझे इजाजत दें मैं कोर्ट के आर्डर की सिर्फ दो लाइनें पढ़ना चाहता हूं:—

"It has been proposed that the MCD will provide space for setting up office of the Committee at India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi. The staff for secretarial and clerical services to the Chairman and other members of the Committee shall also be provided by the MCD as per the requirements of the Committee. The honorarium payable to the Chairman of the Committee has been proposed at Rs. 5,000/-per sitting and for the unofficial members of the Committee at Rs. 3,500/- per sitting, the expenses

for which are to be borne by the DDA. With regard to conveyance, it has been proposed that the Chairman and unofficial members will be entitled for reimbursement of actual amount of to and fro transportation and other charges."

सर, आज जो एजेंसीज़ हैं, जहां अफसर हैं, जिनके पास पूरा इंतजाम है, उनको न कहकर कोर्ट द्वारा और कमेटी बनाना तथा यह तय करना कि इनको इतने पैसे दिए जाएं, इसकी क्या जरूरत थी? इससे क्या दिखाना चाहते थे कि सिविक बॉडी कोई मायने नहीं रखती, सिर्फ कोर्ट जिन लोगों को बनाएगी, वही मायने रखते हैं? भूरे लाल कमेटी, उषा मेहरा कमेटी या तीसरी कमेटी, यह सब इलेक्टिड रिप्रेजेन्टेटिव्स से या उन बाडीज से ऊपर हो गए, सुपीरियर हो गए? इस फैसले की वजह से इनको डिक्टेटर बना दिया गया। ये जहां जा रहे हैं, कह रहे हैं – इसको सील कर दो, इसको बंद कर दो, इन दुकानों को बंद कर दो, इनके फर्स्ट फ्लोर के आफिस सील कर दो। एक डर पैदा कर दिया है कोर्ट ने। सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर आप कोर्ट के फैसले देखें, तो हर हफ्ते बाद एक नया फैसला आपको मिलेगा – 'फार्म हाउसिज़ सील कर दो', उसके दस दिन बाद 'बैंक्विट हाल सील कर दो', तीसरे दिन बाद 'फर्स्ट फ्लोर के जितने आफिस हैं उनको सील कर दो', फिर '80 फुट रोड पर जो दुकानें हैं, उनको सील कर दो'। यह क्या तमाशा है, क्या मजाक बना दिया? दिल्ली क्या आज पैदा हुई है, एक दिन में बनी है? लोग अपनी दुकान या मकान बनाने में सालों लगाते हैं, अपना घर बेचते हैं, अपना सामान बेचते हैं, जेवर बेचते हैं, तब मकान बनता है या दुकान बनती है। कितनी मुश्किल से रोटी-रोजी कमाकर ...(व्यवधान)...

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, I have only a very simple request to make. We should not discuss the conduct of the Judges here in this House and comment on their ...*(Interruptions)*...

SHRI JAI PARKASH AGGARWAL: Am I doing that, Sir? No; I am not doing that. ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: That is not done. This is never been done. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAI PARKASH AGGARWAL: I can discuss the judgement. ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: The conduct of Judges and comments on the judgements are not discussed in the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAI PARKASH AGGARWAL: Why? Why not? ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: That is exactly what the hon. Member is doing. ...*(Interruptions)*... Sir, I asked for your ruling. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAI PARKASH AGGARWAL: It has been done so many times. Sir, it has been done so many times in the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: But it has not been done in the language in which you are doing. ...*(Interruptions)*...

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: क्या बात कर रहे हैं आप? मैं नहीं मानता आपकी बात।

SHRI YASHWANT SINHA: I am not talking to you. I am talking to the Chair and it is for the Chair to decide.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, I am on a point of order ...*(Interruptions)*... We agree with the hon. Member. But what is happening in the courts? What are they doing? Are they performing their duties? ...*(Interruptions)*... We also need to see whether they are crossing their limits. Now, Sir, the hon. Member has stated the plight...*(Interruptions)*...

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): Sir, we are not discussing the conduct of judges here.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, the hon. Member has talked about the plight of the people. The point he has made is very clear — whether the court has taken cognisance of these facts. That is what he has said. He has talked about the sufferings of the people.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIAN): Mr. Janardhana Poojary, when you discuss the judgement of the court or when you say anything about decrees of the court, you should be a little more careful. Your language should be proper.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: मैं मान गया, मैं सिर्फ इतना कह रहा हूं कि लोग दुखी हैं, लोग रो रहे हैं, परेशान हैं, बच्चों को लेकर सड़क पर पड़े हैं, भूख से मर रहे हैं, उनकी दुकानें सील हो गई हैं, वे बैंकरप्ट हो गए ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIAN): Of course, you can explain the miseries of the people, but don't criticise the court.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: सर, मेरा मतलब वही है, मेरा मतलब भी वही है।

सर, मैं एक बात यहां पर रखना चाहता हूं और मेरे ख़याल से यह बात कई बार उठेगी, आगे भी यह कई बार हो सकता है। सर, इस बात की क्या गारंटी है कि यह सारा काम फिर नहीं होगा? आज इस पर नहीं होगा तो कभी दोबारा किसी और इश्यू पर होगा। इसलिए कोई न कोई कोऑर्डिनेशन ऐसा होना चाहिए, मान लीजिए कि कहीं किसी एक व्यक्ति को थानेदारी दे दी जाए और वह डिक्टेटर नादिरशाह की तरह कोई ऐसा कदम उठाने लगे, जो जनता के हक में न हो। तब क्या पार्लियामेंट बैठी देखती रहेगी, सोचती रहेगी? फिर कब आएगा वह बिल? आज जो बिल लोक सभा में पेश हुआ, उसके बाद अखबारों में कई जगह चर्चा हुई कि क्या इसे माना जाएगा? क्या पार्लियामेंट के द्वारा पास करने के बावजूद भी लोग उसे मानेंगे या नहीं मानेंगे? सर, इसलिए यह जो

डर और भय है, यह नहीं होना चाहिए। सर, इसका एक हल यह भी था कि अगर हमारी मांग मान ली जाती और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया जाता, तो शायद ये हालात पैदा नहीं होते। हम बैठ कर चीज़ों को अपने ही हाउस में तय कर सकते थे, लैंड यूज़ चेंज कर सकते थे, बता सकते थे, तब शायद हम यहां तक नहीं पहुंचते।

सर, मेरे कुछ प्वाइंट्स हैं और मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी, जो बहुत अच्छे दिल वाले हैं? काम करने वाले हैं, गरीब जनता को समझते हैं, बहुत दिन तक जनता के बीच में रहे हैं, वह उन चीज़ों को अपने भाषण में या जिस तरह भी वह चाहें, उन्हें जरूर देखें। सर, आप मास्टर प्लान एमेंड करें। मास्टर प्लान को आपने जनता के बीच रखा और उसमें जो लैंड यूज़ है, जैसे चांदनी चौक है, अब चांदनी चौक आज ही तो नहीं बसा, जब से दिल्ली बसी, तभी से चांदनी चौंक बसा है।

SHRI V. NARAYANASAMY: Why are you talking only about Chandni Chowk? Talk about the whole of Delhi.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: चूंकि वह दो रेलवे स्टेशन्स के बीच में है ...(व्यवधान)... Please, just give me few minutes. सर, वह एक कॉमर्शियल एरिया बना और धीरे-धीरे वहां नॉर्थ इंडिया के कॉमर्शियल मार्किट या होलसेल मार्किट बढ़ते चले गए और आज वह हमारा एक बहुत बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। इसी तरह सदर बाज़ार है, वह हमारा एक बहुत बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। इसी तरह से करोल बाग है, साउथ एक्सटैंशन है। हिन्दुस्तान में कोई भी कहीं से भी आता है तो वह कहता है कि मुझे करोल बाग सामान खरीदने के लिए जाना है या चांदनी चौक सामान खरीदने के लिए जाना है या सदर बाज़ार जाना है, क्योंकि ये सब होलसेल मार्किट्स हैं। आज हम उनके स्वरूप को कैसे बदल दें? इसलिए मैं यह चाहता हूं कि आप मास्टर प्लान के अन्दर जो एक्ज़ेसटिंग पॉलिसी है ... अगर आप यह कह देंगे कि पहली मंजिल पर काम नहीं होगा, तब मेरे ख़याल से आपको सारा चांदनी चौंक खाली करवाना पड़ेगा। आपको सदर बाज़ार, करोल बाग और साउथ एक्सटैंशन खाली करवाने पड़ेंगे। यह नहीं हो सकता। आज पूरी की पूरी कई बिल्डिंग्स ऐसी हैं, जो कॉमर्शियल हैं, आज यह कह कर हम उन मार्किट्स को ख़राब कर दें, जो व्यापार की खूबसूरती है, उसे ख़राब कर दें हमारे व्यापारियों की जो दुकानें सालों से चल रही हैं, उनको ख़राब कर दें। मैं इस हक में नहीं हूं और मैं आशा करता हूं कि स्पेशियली मैंने जो इन तीन चार मार्किट्स के नाम लिए हैं, इनके बारे में आप ज़रूर सोचेंगे और उनको राहत देंगे।

इसी तरह से जो प्राइवेट प्रॉपर्टीज़ हैं, आपने उन्हें नियमित करने के बारे में कहा है और मैं आशा करता हूं कि जिस तरह से मकानों में लोगों ने अपने छज्जों को कमरों में तब्दील कर दिया है या इधर-उधर छोटे-मोटे कमरे बना लिए हैं या जैसे-जैसे परिवार बढ़ते गए, उन्होंने ऊपर कमरे बना लिए, उनको नियमित करने के लिए जो तजिंदर खन्ना कमेटी है, मुझे नहीं मालूम कि वह अपनी रिपोर्ट कब देंगे या रिपोर्ट में क्या आने वाला है, लेकिन मैं आशा करता हूं कि उन्होंने इसका ध्यान रखा होगा। दिल्ली में अगर आप नियमित दिल्ली डी०डी०ए० के सिर पर रख देते जो डी०डी०ए० को करना चाहिए था वह तो डी०डी०ए० ने नहीं किया, जिस तरह दिल्ली की प्लानिंग होनी चाहिए थी वह

काम डी०डी०ए० ने नहीं किया। मैं सबसे ज्यादा डी०डी०ए० की मुखालफत इसलिए करता हूं कि डी०डी०ए० ने अपने काम में कोताही बरती है, डी०डी०ए० ने कभी भी कोशिश नहीं की कि जो प्लान डवलपमेंट दिल्ली का होना चाहिए उसकी तरफ उनका नजरिया गया हो। केवल वे जमीन बेचते रहे, पैसा इकट्ठा करते रहे, फ्लैट बनाते रहे। आज 25-25 साल हो गए और लोगों को फ्लैट नहीं मिले, यह डी०डी०ए० का काम है मैं आशा करता हूं कि आप इसमें कुछ कोई न कोई ऐसा काम करेंगे कि इसकी भी कार्यवाही पर आपकी निगाह जाए। अब जो आपने झुग्गी-झौंपड़ी के बारे में कहा है, इन्दिरा जी ने सबसे पहले झुग्गी-झौंपड़ी में काम शुरू किया था। आज उनको आप संरक्षण देंगे, उनके लिए आपने कहा कि फ्लैट बनाकर देंगे। मुझे आशा है कि आप उनको फ्लैट बनाकर देंगे ताकि वे वहीं बसाए जा सकें और उनको परेशानी न हो।

सर, जो लाल डोरा की बात है, अब वह लाल डोरा की डेफिनिशन होनी चाहिए। यह कहना कि लाल डोरा में कोई कुछ भी बना ले, कुतुब मीनार बना ले, तो भी वह माना जाएगा ; लाल डोरा की एक परिभाषा आज आपको तय करनी होगी कि लाल डोरा किसे कहते हैं। लाल डोरा में बिल्डिंग बॉयलॉज अगर लागू नहीं होते, तो भी क्या कर सकते हैं आप। पहले यह था कि वह गांव का रूप होगा और एक्सटेंडेड लाल डोरा करते रहे, अरबनाइज्ड विलेजेज आ गए। यह इसलिए था कि उनको हम प्रोटेक्ट करेंगे कि उनका जो कल्चर है उसके अंदर बाहर का इंटरफिएरेंस न हो और वे वहां आराम से रह सकें। मैं आशा करता हूं कि यह भी आपको देखना होगा।

अब एक बहुत बड़ी समस्या दिल्ली में गेस्ट हाउसेज की है। दिल्ली में बाहर से बहुत लोग आते हैं, टूरिस्ट आते हैं, व्यापारी आते हैं और हर आदमी आकर बड़े-बड़े होटलों में नहीं ठहर सकता क्योंकि वहां दस हजार रुपए का एक कमरा, बीस रुपए का एक टेलीफोन, दो सौ रुपए की एक कॉफी, यह हरएक के बस का काम नहीं है। वे गेस्ट हाउसेज जो दिल्ली में 50 साल में बने हैं और छोटे कमरे हैं, किसी में 15 कमरे हैं, किसी में 20 कमरे हैं, किसी में 25 कमरे हैं। आज उन्होंने आर्डर कर दिया कि इनको सील कर दो, बंद कर दो। तो मैं यह चाहता हूं कि ये गेस्ट हाउसेज दिल्ली की जरूरत हैं, क्योंकि जो पहले धर्मशालाएं हुआ करती थीं, वे अब नहीं हैं। ज्यादातर उस हालात में नहीं हैं, उसमें पैसा नहीं लगता था। तो कहां जाएंगे लोग? जो लोग बाहर से आएंगे तो वे स्टेशन पर तो नहीं ठहरेंगे, वे गेस्ट हाउसेज में ठहरते हैं जहां सौ रुपए, पांच सौ रुपए तक का कमरा मिल जाता है और वहां लोग रह सकते हैं। आज उनकी बहुत सख्त जरूरत है। मैं आशा करता हूं कि आप इस ओर ध्यान देंगे और उनको नियमित करेंगे या उनके लिए कोई पॉलिसी फ्रेम करेंगे।

इसी तरह इण्डस्ट्रियल एरिया, जैसे आजाद मार्केट है, लाजपत राय मार्केट है। अभी वहां लाजपतराय मार्केट चले गए। 1962 से पहले उनको जमीन दी गई और यह कहा गया कि यह कॉमर्शियल जमीन है, आप नीचे काम करेंगे और आप ऊपर कारखाना खोल सकते हैं। इसी तरह लाजपतराय मार्केट यह आज का बसा हुआ नही है, जब खान मार्केट बना था तब लाजपत राय मार्केट बना था और वहां जाकर उन्होंने तोड़फोड़ की और उनको तंग करने की कोशिश की।

मैं आशा करता हूं कि ये जो पुराने बने हुए मार्केट हैं इनको नहीं छेड़ा जाए और उनको रेग्युलराइज किया जाए। वहां जो शायद नॉर्थ इंडिया का या हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोनिक मार्केट है भागीरथ प्लेस और लाजपतराय मार्केट, वह घड़ियों का सबसे बड़ा मार्केट है और होलसेल मार्केट है। इतना बड़ा मार्केट कहीं नहीं है नोर्थ इंडिया में।

दूसरे, पटरी वालों के लिए जो आपने कहा, ये हमेशा परेशान होते हैं, कभी कोई सरकारी पौलिसी आ जाती है, कभी पुलिस वाले डंडा चलाते हैं। आपने उनको नियमित किया, आपने उनको लाल परची दी है जगह-जगह, कांग्रेस की सरकार ने दी है। अगर उनको नियमित करना है तो उनको दुकानें बनाकर दें। यह आपका वायदा था, कांग्रेस का वायदा था कि हम पटरी वालों को बेदुकान नहीं रहने देंगे, हम इनको तंग नहीं होने देंगे और हमारी पॉलिसी रही है कि हम इनको दुकानें बनाकर देंगे। जिस तरह आपने झुग्गी वालों के लिए कहा कि उनको एक लाख मकान बनाकर देंगे, उसी तरह इन पटरी वालों के लिए भी आपको पौलिसी बनानी चाहिए ताकि उनको दुकानें मिल सकें।

अब जो पार्किंग की समस्या है, अब पार्किंग के लिए परेशानी होती है। इतनी बड़ी दिल्ली है, हर जगह मार्केट्स हैं और हम उनको प्रोटेक्ट करते हैं तो जो पार्किंग की जगह होनी चाहिए थी, वह जगह नहीं है। मैं आशा करता हूं कि वहां मल्टीस्टोरी पार्किंग्ज़, जैसे और बहुत जगह दुनिया में हैं, आप इस तरह की जगह डवलप करेंगे ताकि लोग वहां आराम से गाड़ी खड़ी कर सकें।

सर, एक बात और मैं मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं। सर, आपने मुझे कहा कि आप कोर्ट के आर्डर के बारे में नहीं बोलेंगे, जो हमारे धार्मिक स्थल हैं, जैसे निगम बोध घाट है, वहां पर एक तीन सौ साल पुराना मंदिर ''नीली छतरी'' के नाम से मशहूर है। यमुना के घाट बनारस के घाट की तरह बने हुए हैं, अब उनके लिए आर्डर आ गया है कि उनको तोड़ दो, यह कौन-सा तमाशा है? जो आर्किअलोजिकल सर्वे से संबंधित जगह हैं और जो हैरिटेज से संबंधित जगह हैं, हमारी पुरानी दिल्ली में बहुत सारी जगहों पर हैरिटेज के बोर्ड लगा दिये हैं, 50 साल पुराना मकान है, लेकिन वह भी हैरिटेज के अन्तर्गत आता है। यह क्या है? क्या आप निगम बोध घाट को तोड़ेंगे? वह मजनू का टीला तोड़ेंगे? सिंधी बाबा की मजार है, क्या उसको तोड़ेंगे? क्या आप नीली छतरी का मंदिर तोड़ेंगे? क्या आप वह घाट तोड़ेंगे? यही मैं आपको बताना चाहता हूं और आप मेरे से कह रहे थे कि कोर्ट को डिसकस नहीं करें, तो आप बताइये कि क्या करें? अगर ये टूट जायेंगे, तो कौन इनको कहेगा? यही बात है जो मैं आपको कहना चाहता हूं कि अगर उन्होंने कोई फैसला किया है और वह फैसला ठीक नहीं है, तो उसके बारे में कहने का हमें हक होना चाहिए। क्या उस मंदिर को टूट जाने दें, हम हाथ पर हाथ रखकर बैठ जायें? यह जरूरी है कि हम उनके लिए पॉलिसी बनायें। जो धार्मिक स्थल दो-सौ साल, तीन सौ साल पुराने दिल्ली के इतिहास से जुड़े हुए हैं, उनको बिल्कुल न छुआ जाये और उनके अंदर रहने वाले पुराने जो दस-दस पीढ़ी के लोग हैं, जो पंडे वहां पूजा कराते हैं, उनके परिवार दस-दस पीढ़ी से वहां रह रहे हैं, आप उनको कैसे उजाड़ देंगे? कैसे उनको बाहर निकालकर

खड़ा कर देंगे? पता नहीं डीडीए में बैठकर कौन पॉलिसी बनाता है कि हम इनको बनाकर दूसरी जगह दे देंगे। क्यों दे देंगे? जो उनका घर है, जहां पर वे रहते हैं, उनको आप कैसे वहां से हटायेंगे? उनको हटाने की कोई जरूरत नहीं है। मैं आशा करता हूं, आप गरीब आदमियों के हमदर्द हैं, आप उनकी जरूर मदद करेंगे। अजय माकन जी दिल्ली के रहने वाले हैं, इनको दिल्ली के बारे में पूरा मालूम है।

सर, अगर इस बिल को लाने में कुछ देर हुई है, जिनके मकान टूट गये हैं, जो लोग आज सड़क पर आ गये हैं, जिनको तंग किया गया, जिनकी दुकानें सील हो गई हैं, उनके बारे में मुझे मालूम नहीं है कि आप क्या करेंगे, लेकिन आप उनको सभी बैंकों से लोन दिलवायें। जो भी उनको पांच लाख, दस लाख लोन मिल सकता हो, उनको लोन देने के लिए आप बैंकों को कहें और उनके मकान दोबारा से बनने चाहिए। आपने एक कट आफ डेट 1 जनवरी, 2006 रख दी है, इससे पहले जिनके मकान टूट गये हैं, वे लोग कहां जायेंगे, उनके बच्चे सड़क पर आ गये हैं, उनकी दुकानें सील हो गई हैं? मैं आशा करता हूं कि आप गरीबों के हमदर्द सरकार के मंत्री हैं। जिन लोगों के मकान टूटे हैं, आप उनको बैंकों से ऋण दिलवायेंगे, पैसा दिलवायेंगे, ताकि वे दोबारा अपने मकान बना सकें।

सर, ऐसा नहीं होना चाहिए कि एनडीएमसी एरिया में और इसमें कोई फर्क आये और इन दोनों की पालिसी में कोई फर्क हो जाये। लाल डोरा के बारे में भी मैंने आपसे कहा है। जिन लोगों ने एफिडेविट दिया है, अभी जैसा श्रीमती सुषमा स्वराज जी ने कहा था कि लोगों में इस बात का बहुत डर है, जो उन्होंने एफिडेविट दिये हैं, आप उनकी लैंग्वेज पढ़िये। ...(समय की घंटी)...

सर, मेरे दो-तीन पाइंट हैं। उन्होंने कहा है कि हम तीन महीने के अंदर दुकान बंद कर देंगे, हम अपना व्यापार बंद कर देंगे, इसके बारे में इस बिल से कुछ साफ नहीं होता है, आपने कहा है स्टेट्स को, तो आपको यह कहना पड़ेगा कि नहीं, जो दुकानें सील की गई हैं, वे दुकानें खोली जायेंगी और हम उन्हें राहत देंगे। आप जो अन-ऑथराइज कॉलोनीज हैं, उनको रेगुलराइज करिये। ये तकरीबन हजार बाहर सौ के करीब हैं। प्रोफेशनलें लोगों के लिए उन्होंने एक आर्डर दे दिया है कि एक फ्लोर पर जो 25 परसेंट जगह है उसमें आप अपना दफ्तर बनायेंगे, चाहे वे डाक्टर हों, चाहे वे वकील हों। अब बताइये कि यह कौन सा तरीका है? एक फ्लोर उनके पास है, वे उस फ्लोर के मालिक हैं या तो आप यह कहिए कि वे बैठ ही नहीं सकते और वहां पर कोई दफ्तर नहीं चलेगा, चाहे वह वकील का हो, चाहे डाक्टर का हो या और कोई प्रोफेशनल आदमी हो। यह कहना कि आप उसमें से 25 परसेंट इस्तेमाल करेंगे, यह मेरी समझ से बाहर है। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इस ओर ध्यान देंगे । इस तरह का कोई फैसला कहीं से आया हो या आपके बॉयलॉज में हो तो, आप उसको बदलिये, ताकि लोगों को इसमें राहत मिल सके।

इसी तरह फार्म हाउसेज का है, जो दिल्ली में फार्म हाउसेज हैं, हमारे पास जगह नहीं है, हमारे पास इतने बैंक्वेट हाल नहीं हैं, सरकार की तरफ से जितने शादीघर बनने चाहिए थे, उतने शादी घर नहीं बने, यहां पर कम्युनिटी सेंटर्स नहीं हैं, तो लोगों ने सोचा कि फार्म हाउसेज के अंदर

शादियां हो जायेंगी, लेकिन यह कहना कि साहब इतनी चौड़ी सड़क पर फार्म हाउस होगा, तो शादी होगी और दूसरे पर नहीं होगी, यह क्या मजाक है? डेढ़ करोड़ की आबादी की दिल्ली में आप अगर यह तय करना शुरू कर देंगे कि कहां पर शादी होगी कहां पर शादी नहीं होगी, तो मैं समझता हूं कि यह सहीं नहीं है। आप बैंक्वेट हाल्स को भी प्रोटेक्ट करिये, आप उनकी भी सील खुलवाइये और दूसरे जो फार्म हाउसेज हैं, उनके लैंड यूज को चेंज कर दीजिए। आप ऐसा न करें कि वहां पर बदलकर कोई इंस्टीट्यूट खोल लें या होटल खोल लें, मैं यह नही कह रहा हूं, लेकिन मैं इतना जरूर कह रहा हूं कि जब एक जमीन खाली पड़ी है, बेकार पड़ी है, तो उसको बेकार में खाली रखा जाये। आगर लोग उसको शादी-ब्याह के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो उसके लिए आप कोई कानून लाइये जिससे कि उनका राहत मिल सके।

उपसभाध्यक्ष (प्रो॰ पी॰ जे॰ कुरियन) : प्लीज कन्क्लूड।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: सर, जो कुछ दिल्ली में हुआ, उसके लिए मेरे मन में बहुत दुख हैं, तकलीफ है। हम दिल्ली वाले हैं, हमने दिल्ली को बढ़ते हुए देखा है। दिल्ली में पहले कमेटी होती थी, फिर कारपोरेशन बनी, मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी, असेंबली आयी। अब अगर सोनिया जी और मनमोहन सिंह जी मान जाएं और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दे दें तो शायद हमें दिल्ली का प्रॉब्लम्स यहां लाकर डिसकस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम दिल्ली वालों को खुद राहत देना चाहते हैं, हमारा मन है, हमने दिल्ली वालों की बहुत सेवा की है। कांग्रेस का एक-एक आदमी, एक-एक कार्यकर्ता और नेता, दिल्ली वालों को अगर जरा सी तकलीफ होती है तो वह दिल से तड़पता है और उनके लिए काम करता है। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी उदार दिल वाले हैं, अजय माकन जी भी साथ में बैठे हैं, आप जरूर मदद करेंगे। धन्यवाद। जयहिन्द।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIAN): Now, Shri Prasanta Chatterjee. You have eight minutes.

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, this is a very important Bill for the life of Delhi. This Bill-The Delhi Laws (Special Provisions) Bill, 2006—provides for a temporary relief to the people of Delhi against such action for a period of one year within which, this has been stated, various policy issues will be formulated.

At the very outset, I would like to mention it here that it has not happened all of a sudden in Delhi; this chaos has not happened within a few years. Now the problem has taken a very serious turn, and we all know that. I had the opportunity to discuss this issue in some of the Standing Committees and came to know how severe violations of the Master Plan by the very rich people, with the full knowledge of the officials, full knowledge of many of the policy-makers like the DDA and all, have taken place. This has taken place over the years. Who is responsible for that?

I know even Nursing Homes and Kindergarten Schools have come up on the DDA land at concessional prices, and they have completely violated the conditions set forth while allocating land for that specific purpose. I don't know what action has been taken against them. The matter has been discussed in the Committee meetings. They said that they would provide free treatment, which they have not provided. They said that they would provide free education, which they have not provided. I would like to mention only a few violations here.

Sir, it would have been better if this Bill could have come here after discussion in the Standing Committee. But I would like to emphasise the problem of urban life here. Even after 58-59 years of Independence, there is a continuous influx of rural population in the urban areas. It is for job, for shelter, and for livelihood, and this is a continuous process. They find places in Jhuggis and Jhopris. Who is responsible for this? Some of them are staying near canals, and some are staying adjacent to railway tracks on the Government land. You will all agree that the present socio-economic condition is responsible for that.

There is a huge section of the people who violated the master plan, moneyed people, and simultaneously there is a huge section of the people, the shelter-less people, who are staying as encroachers on the Govt. land. Poor people stay in slums. So, while protecting the livelihood and protecting the rights of the people, we must not forget these vulnerable sections of our people; and without improving their lot, the nation cannot progress. I know, Sir, I had the opportunity to serve the Municipal Corporation for many years. Even, Sir, in Kolkata, which is a metropolitan city, I know when I was associated with the municipal administration, Zamindars had every right, the slum people had no right, either stayed in bad condition or faced demolition. That was the situation at that time. Now, the Government of West Bengal has changed that scenario. I would like to mention it here at the present day, the infant mortality rate of Kolkata, as a whole, is higher than that of the infant mortality rate in the slum areas of Kolkata. It has changed a lot because the scenario of the entire slum population has changed a lot after the Left has takenover. It is not only a health problem, but it is a socio-economic problem. So, Sir, the urban has a nexus with the slum life. The urban life cannot be protected by neglecting the slum population and without improving the slum conditions. Without improving the civic amenities there, you cannot improve the health of a metropolis.

4.00 P.M.

